

# साप्ताहिक सूचना पत्र



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## कोविड अस्पताल का उद्घाटन

(दिनांक 16.5.21)



**विषय: कोविड अस्पताल का उद्घाटन पानीपत, हिसार व गुरूग्राम में।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए और बेड सुनिष्चित करने के लिए आज हरियाणा के तीन जिलों पानीपत, हिसार व गुरूग्राम में कोरोना के अस्पतालों का उद्घाटन किया गया।

- यह कोरोना के लिए बनाए गए अस्थाई अस्पताल हैं जिन्हें विभिन्न संस्थाओं, आर्मी, डी.आर.डी.ओ., वेदातां के साथ मिलकर बनाया गया है।
- तीनों ही जिलों में कुल मिलाकर 1450 अतिरिक्त कोरोना बेड लोगों को उपलब्ध हो सकेंगे।
- सभी अस्पतालों के सभी बेड ऑक्सीजन की सुविधा के साथ उपलब्ध कराए गए हैं।

## हायर एजकुेशन काउँसिल की मीटिंग


(दिनांक 19.5.21)



**विषय: हायर एजुकेशन काउँसिल की मीटिंग।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा उच्च शिक्षा से जुड़े हुए विभिन्न विषयों की समीक्षा के लिए हायर एजुकशन कॉउंसिल की मीटिंग जी गई। जिसमें निम्न निर्णय लिए गए:–


- हरियाणा की सभी यूनिवर्सिटी को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।
- यूनिवर्सिटी से संबंधित ग्रुप सी व डी के कर्मचारियों की भर्ती हरियाणा स्टाफॅ सिलेक्शन कमीशन के माध्यम से की जाएगी।
- वर्ष 2025 तक सभी यूनिवर्सिटी में नई शिक्षा नीति के मापदंड लागू कर दिए जाएंगे।
- सभी यूनिवर्सिटी में प्राचीन ज्ञान (भौतिक, आणविक, विधि व अन्य) से संबंधित केन्द्र भी खोले जाएंगे जहां उनका अध्ययन किया जा सकेगा और वर्तमान संदर्भ में उन्हें आगे बढाया जा सकेगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## टीम 11 के साथ बैठक

(दिनांक 19.5.21)



**विषय: टीम 11 के साथ फीडबैक बैठक।**

**निर्णय:** माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा जिलों से फिडबैक के संबंध में गठित टीम–11 के साथ आज बैठक की गई जिसमें डेवलपमेंट व पंचायत विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। उक्त बठैक में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा निम्न आदेश दिए गए:–

- हर गांव में व्यायामशाला और शिवधाम की देखरेख सामाजिक संस्थाओं को दी जाएगी।
- जब तक पुरानी बनी 620 व्यायामशालाओं को सुचारू रूप से नहीं चला लिया जाता तब तक कोई नई व्यायामशाला नहीं बनाई जाएगी।
- आगे से व्यायामशाला केवल गावं वालों और पंचायत की मांग के आधार पर ही बनवाई जाएगी।
- हर व्यायामशाला में एक योग टीचर की नियुक्ति की जाएगी।
- हर जिले में 10–12 लोगों की एक संगठनात्मक फिडबैक टीम बनाई जाएगी।
- हर जिले में जिला स्तर पर भी 2–2 एमिनेंट सिटीजन की नियुक्ति की जाएगी जो पूरे जिले की सी.एम विंडो से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करेगें।


## कोरोना को लेकर विडियो कॉन्फ्रेंस

(दिनांक 20.5.21)




**विषय: कोरोना को लेकर माननीय प्रधानमंत्री जी की विडियो कॉन्फ्रेंस।**

**प्रभाव:** आज माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 11 राज्यों के मुख्यमंत्री और करीब 60 जिलों के उपायुक्तों के साथ विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से कोरोना की समीक्षा बैठक ली। माननीय मुख्यमंत्री जी विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से इस बैठक में जुड़े थे और उपायुक्त, गुरूग्राम द्वारा कोरोना की रोकथाम को लेकर हरियाणा द्वारा किए जा रहे प्रयासों से प्रधानमंत्री जी को अवगत करवाया गया ।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

जिसमें गांव–2 में हो रही कोरोना स्क्रिनिगं, ऑक्सीजन की होम डिलीवरी और आइसोलेशन किट की जानकारी शामिल थी। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा हरियाणा राज्य के प्रयासों की सहराना की गई और साथ ही सभी को दिशा–निर्देश दिए गए कि सभी उपायकुत अपने–2 जिलेः–

- कोरोना की तीसरी लहर की तैयारी आरै विशेष रूप से बच्चों से जुड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करें।
- उन ग्राम पंचायतों को चिन्हित कर जहां कोरोना संक्रमण की दर और संख्या कम है उन्हें कोरोना मुक्त करने का प्रयास करें साथ ही कोरोना मुक्त पंचायत करने की योजना और रणनीति बनाऐं।

## कोरोना की रोकथाम के लिए लिए जा रहे कार्यों की समीक्षा


(दिनांक 21.5.21)



**विषय: जिला उपायुक्तों के साथ कोरोना की रोकथाम के लिए लिए जा रहे कार्यों की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की गई जिसमें सभी को दिशा–निर्देष दिए गए कि वह ऑक्सीजन सिलंडेर की होम डिलीवरी के समय को जितना कम हो सके उतना कम करें और जल्द से जल्द सिलेंडर पहुंचाएं ।

- कोरोना के लिए चलाई जा रही हेल्पलाइन की मॉनिटरिगं और समीक्षा करें कि उससे सही जानकारी लोगों को मिल पा रही है या नहीं।
- यह सुनिष्चित करें की सभी होम आइसोलेशन के मरीजों को होम आइसोलेशन किट मिले और ऑक्सीमीटर और थर्मामीटर जरूर हो।
- सभी उपायुक्त यह भी सुनिष्चित करें कि गरीब परिवारों के लिए कोरोना महामारी में चलाई गई तीनों योजना 35000/–रूपये अस्पताल खर्च, 5000/– होम आइसोलेशन के और 200000/– जीवन बीमा योजना का लाभ सभी जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मेरा पानी मेरी विरासत योजना
(दिनांक 21.5.21)



**विषय: मेरा पानी मेरी विरासत योजना की समीक्षा।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा आने वाले सीजन के लिए मेरा पानी मेरी विरासत योजना की समीक्षा और आगे की रणनीति के संबंध में विचार–विमर्श किया गया। जिसमें निर्णय लिया गया कि:–

- उक्त योजना का लाभ पाने के लिए अलग से एक पोर्टल बनाया जाएगा और साथ ही मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल से भी रजिस्ट्रेशन किया जा सकेगा।
- मेरा पानी मेरी विरासत योजना के लिए इस साल 2 लाख एकड़ भूमि को धान मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है।
- इस योजना का लाभ वह किसान भी दोबारा ले सकेगें जिन्हें पिछले साल इसका लाभ मिला है।
- जो किसान इस योजना के तहत अपनी जमीन पर कुछ नहीं बोते हैं उन्हें भी 7000/– प्रति एकड़ के हिसाब से इसका लाभ दिया जाएगा।
- धान के अलावा अन्य फसल बोने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा।